उपचुनाव में मतदान करने में महिला मतदाता पुरुषों के बराबर रही

सरदारशहर, (निसं)। उपचुनाव के लिए 5 दिसंबर को हुए मतदान में महिला मतदाता पुरुषों के लगभग बराबर रही है। सोमवार को हुए मतदान में विधानसभा क्षेत्र के कुल 289843 मतदाओ में से 208956 मतदाताओ ने अपने मत का उपयोग कर लोकतंत्र के उत्सव में भाग लिया जो 72.09 प्रतिशत रहा। विधानसभा क्षेत्र में कुल पुरुष मतदाता 152766में से 10269 मतदाताओं ने मतदान किया जो 72.18प्रतिशत रहा वहीं महिला कुल 137077 मतदाओ में से 98692 ने मतदान कर लोकतंत्र उत्सव में भाग लिया जो 71.99 प्रतिशत रहा।

उपचुनाव में त्रिकोणिय मुकाबला:- सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र में वैसे तो चुनाव में दस प्रत्याशी मैदान में हैं। लेकिन भाजपा, कांग्रेस और रालोपा के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। कही तो कांग्रेस आगे तो कही भाजपा आगे तो कही आरएलपी आगे नजर आ रही है। इस चुनाव में प्रदेश के सभी दिग्गज नेताओं और विधायको ने यहां डेरे डाल कर अपनी अपनी पार्टी के उम्मीदवार को ज्यादा से ज्यादा वोट दिलाने के प्रयास किये हैं। लेकिन मतदाताओं ने किस पार्टी के बडे नेता की प्रतिष्ठा को चुना है यह निर्णय 8 दिसंबर को सामने आयेगा।

इस उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अनिल शर्मा के पिता दिवंगत विधायक पं. भंवरलाल शर्मा कद्दावर नेता थे। उनकी सियासी विरासत बचाने की चुनौती रही जिसके लिए पार्टी के दिग्गज नेता प्रदेश मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित अनेक मंत्रियों व पार्टी के विधायकों ने डेरे डाल कर घर घर दस्तक दी और पार्टी के पक्ष में वोट मांगे वहीं भाजपा के अशोक पींचा के लिए केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र राठौड़ सहित अनेक बडे नेताओं ने यहां डेरे डाल कर घर घर दस्तक दी लेकिन भाजपा का बडे वोट बैंक पर आरएलपी के प्रत्याशी लालचंद मूंड के पक्ष में पार्टी के सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने चुनाव को त्रिकोणीय बनाते हुए सेंध लगा कर भाजपा का समीकरण प्रभावित कर दिया। लोगों का मानना है कि यह चुनाव त्रिकोणीय बनने से रोचक बना और यह कहना मुश्किल हो गया कि जीत किसी की हो लेकिन फैसले का अनुमान लगाना मुश्किल जरूर हो गया।

■ **कुल 289843 मतदाओं में से 208956 मतदाताओं ने अपने मत का उपयोग किया**

फुर्सत के पल में चर्चा करते कांग्रेस प्रत्याशी अनिल शर्मा।

कार्यकर्ताओं से चर्चा करते भाजपा प्रत्याशी अशोक पीचां।

भूतपूर्व सैनिकों के आरक्षण को वर्गवार किए जाने का विरोध किया

सादुलपुर, (निसं)। राजस्थान सरकार द्वारा भूतपूर्व सैनिकों के आरक्षण को वर्गवार किए जाने का अवकाश प्राप्त सैनिक संघ ने विरोध करते हुए मंगलवार को अवकाश प्राप्त सैनिक संघ के अध्यक्ष कैप्टन विद्याधर पूनियां तथा कैंटीन प्रभारी जय प्रकाश डूडी के नेतृत्व के नेतृत्व में राजस्थान के राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी राजगढ रणजीत बिजारणियां को ज्ञापन सौंपा है।

सौंपे ज्ञापन में राज्य सेवाओं में भूतपूर्व सैनिकों को दिए जाने वाले आरक्षण नियम को पूर्ववत रखने की माँग की गई है। ज्ञापन में लिखा गया है कि भूतपूर्व सैनिकों को राजस्थान सेवा सिविल सेवा नियम-1988 में वर्णित भूतपूर्व सैनिक आमलेन के अंतर्गत आरक्षण दिया जाता है। इसमें राज्य सेवा में पाँच प्रतिशत, मंत्रलायिक अधीनस्थ सेवाओं में 12.5 प्रतिशत तथा चतुर्थ श्रेणी पद पर 15 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने का प्रावधान है। लेकिन अब राजस्थान सरकार ने 24 नवंबर को कैबिनेट की बैठक में निर्णय करते हुए आरक्षण को जातिगत किया गया है, जो उचित नहीं है। ज्ञापन में लिखा गया है कि केबिनेट का निर्णय भूतपूर्व सैनिकों के हितों के प्रतिकूल और भूतपूर्व सैनिकों तथा राजस्थान सिविल सेवा नियम व्यवस्था के भी खिलाफ है। सरकार के इस निर्णय से भूतपूर्व सैनिकों में असंतोष की भावना व्याप्त हो रही है। उक्त आरक्षण को पूर्ववत भूतपूर्व सैनिक आमेलन के हिसाब से रखे जाने की मांग की गई है। इसके अलावा भूतपूर्व सैनिकों की इससे संबंधित परीक्षा में 40 प्रतिशत की बाध्यता को भी हटाए जाने का अनुरोध किया गया है।

■ **राज्य सेवाओं में भूतपूर्व सैनिकों को दिए जाने वाले आरक्षण नियम को पूर्ववत रखने की मांग की**

मांग को लेकर एसडीएम राजगढ़ रणजीत बिजारणियां को ज्ञापन सौंपते अवकाश प्राप्त सैनिक संघ के सदस्यगण।

जिला मुख्यालय पर डॉ. अम्बेडकर का 67वां परिनिर्वाण दिवस मनाया

डॉ. अंबेडकर के जीवन-संघर्ष को दर्शाती चित्र-प्रदर्शनी का उद्घाटन करते पूर्व विधायक मनोज न्यांगली।

सादुलपुर, (निसं)। बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में चूरू जिलाध्यक्ष दईराम मेघवाल की अध्यक्षता में संविधान निर्माण डॉ.भीमराव अम्बेडकर का 67वां परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला चूरू के बसपा पदाधिकारियों सहित सादुलपुर से बसपा के निवर्तमान विधायक मनोज न्यांगली ने जिला मुख्यालय के आगे स्थापित डॉ.अम्बेडकर की प्रतिमा को माल्यार्पण कर उन्हें श्रृद्धांजलि अर्पित की।

अपने सम्बोधन में न्यांगली ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने हमें विश्व का सबसे बेहतरीन संविधान दिया है, लेकिन देश की सरकारों ने आज तक संविधान की मुख्य विषय-वस्तु को पूर्णत्या लागू नहीं किया है। देश के नागरिकों को आज भी अपने हक-अधिकारों, समता व न्याय के लिए संघर्ष करना पड रहा है। उन्होंने कहा कि बसपा की सरकार बनने पर संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर के संविधान-प्रदत विचारों को वास्तविक रूप में लागू किया जाएगा।

इस अवसर पर डॉ. अंबेडकर के जीवन और संघर्ष को दर्शाती हुई चित्र-प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में जिला चूरू की बसपा के सभी पदाधिकारी, विभिन्न कार्यकर्ताओं व अनेकों गणमान्य लोग शामिल हुए। इधर सादुलपुर के बसपा कार्यालय में भी डॉ.अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम में बडी संख्या में बसपा कार्यकर्ताओं एवं नगरपालिका राजगढ में बसपा से निर्वाचित पार्षदगणों ने हिस्सा लिया। जिनमें पार्षद राहुल पारीक, जीतू चांवरिया, राजेंद्र पटीर, अमित नायक, एडवोकेट अजीज खींची, राकेश मेघवाल, अकबर चौहान, नीरज खन्ना व बाबूलाल सहित अनेक वक्ताओं ने डॉ.अम्बेडकर के जीवन व संघर्ष पर प्रकाश डाला और उनके विचारों को आत्मसात करके राजगढ में पुन: बसपा को विजयी बनाने का संकल्प लिया।

पानी निकासी की मांग

सादुलपुर, (निसं)। अवकाश प्राप्त सैनिक संघ ने राजगढ के शहीद स्मारक के आगे भारी मात्रा में एकत्रित होने वाले पानी की समस्या के समाधान की माँग को लेकर एसडीएम राजगढ को प्रथक से ज्ञापन सौंपा गया है। संघ के अध्यक्ष कैप्टन विद्याधर पूनियां तथा कैंटीन प्रभारी जय प्रकाश डूडी के नेतृत्व में दिये गये ज्ञापन में लिखा गया है कि मामूली बरसात होते ही शहीद स्मारक के आगे एक डेढ फुट से ज्यादा पानी जमा हो जाता है। उस कारण पूर्णत्या आवागमन बाधित हो जाता है तथा पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। इसके लिए भूमिगत बोरिंग करवा कर पानी को रिचार्ज व्यवस्था करवाई जाने की माँग की है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि पानी एकत्रित होने की इस गंभीर समस्या का समाधान हो जाएगा एवं बारिश के पानी का जमीन में रिचार्ज भी हो सकेगा। जिस पर उपखण्ड अधिकारी राजगढ रणजीत बिजारणियां ने इस बारे में तत्काल नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को आवश्यक निर्देश दे दिए। इसी दौरान अवकाश प्राप्त सैनिक संघ के अन्य पदाधिकारी व सदस्यगण सूबेदार मेजर रामचंद्र पहाडसर, कैप्टन अमर सिंह, उमराव सिंह पूनियां, सूबेदार महा सिंह ख्याली, मूलचंद डूडी, सूबेदार मेजर श्यामसुंदर कैप्टन धर्मपाल रणवा आदि शामिल थे। ज्ञापन दिये जाने के बाद भूतपूर्व सैनिकों ने 16 दिसंबर को मनाए जाने वाले विजय दिवस तथा वीरांगना सम्मान कार्यक्रम के बारे में भी उपखंड अधिकारी से विचार-विमर्श किया।

सरदारशहर में 30 हजार से अधिक मतों से जीतेगी कांग्रेस: राठौड़

रतनगढ़, (निसं)। सरदारशहर उपचुनाव में पिछले कई दिनों से मोर्चा संभाल रहे राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री धर्मेन्द्र राठौड़ ने दावा किया है कि सरदारशहर उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी अनिल शर्मा 30 हजार से अधिक मतों से विजयी होगें।

मतदान के बाद रतनगढ़ में प्रेस से बात करते हुए निगम अध्यक्ष राठौड़ ने सुशासन अर्थात गुड गवर्नेंस के दम पर चुनाव भारी मतों से जीतने का दावा किया। राठौड़ ने कहा कि पिछले चार वर्षों में राजस्थान के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी के नेतृत्व में जो जन कल्याणकारी नीतियां बनाई गई, फ्लैगशिप योजनाएं चलाई गई। उसका लाभ प्रदेश की जनता को मिल रहा है,चुरु जिले के सरदारशहर उपचुनाव में यहां स्थानीय नेता राजेन्द्र राठौड़ जो विधानसभा में नेता उप-प्रतिपक्ष है, सतीश पूनिया जी जो बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष है और अर्जुनराम मेघवाल जी जो बीकानेर से सांसद और केन्द्रीय मंत्री भी है, ऐसे तीन-तीन नेता जो प्रदेश में मुख्यमंत्री के चेहरे बनकर घूम रहे है, उनके रहते हुए बड़े अंतर से यह चुनाव भारतीय जनता पार्टी हार रही है। इससे आप अंदाजा लगा सकते है की भारतीय जनता पार्टी की आगामी विधानसभा चुनावों में क्या हालत होने वाली है। अब तो हर किसी को साफ नजर आ रहा है कि 2023 के चुनावों में कांग्रेस पार्टी की सरकार फिर से राजस्थान में बनने जा रही है। पहली बार ऐसा देखने को मिल रहा है कि प्रदेश सरकार के खिलाफ नहीं, बल्कि सत्ता के पक्ष में लहर चल रही है।

कोरोना का प्रबन्धन में जो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी की सरकार ने काम किया, उसकी तारीफ देश के प्रधानमंत्री खुद नरेन्द्र मोदी जी ने की है। दस लाख का जो चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा है, इस तरह की चिकित्सा के क्षेत्र में योजना किसी भी देश या प्रदेश में अभी तक नहीं है। कर्मचारियों के मामले में बात करोगे तो ओल्ड पेंशन स्कीम, जिसमें राजस्थान पहला मॉडल स्टेट बना है जहां पेंशन का परिलाभ देना भी शुरु कर दिया है। जितने जनहित के फैसले हर वर्ग को ध्यान में रखकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने किये है। राठौड़ ने भाजपा नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि केन्द्र सरकार की कथनी और करनी में बहुत फर्क है। इस अवसर प्राप्त वरिष्ठ कांठोसी नेता रफीक मंडेलिया, पूसाराम गोदारा, प्रधान प्रतिनिधि इंद्राज खीचड हेमंत सारस्वत, अरविंद चाकलान, जगदीश प्रसाद माली, उमेद सिंह, इलियास खान, महंत सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

रतनगढ़ में प्रेस से बात करते निगम अध्यक्ष राठौड़।

भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए कांग्रेसी

चूरू, (कासं)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान आगमन पर सोमवार व मंगलवार को चूरू के कांग्रेसजन भी उत्साह के साथ यात्रा में शामिल हुए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जमील चौहान ने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा का राजस्थान सीमा में प्रवेश पर चन्वली, झालावाड़ में स्वागत चूरू के कांग्रेसजनों ने किया। राजस्थान के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंन्द सिह डोटासरा के नेतृत्व में चूरू के कांग्रेसजन ने यात्रा का स्वागत किया। चौहान ने बताया कि चूरू से जिला आई टी सेल के रफ़ीक चौहान, गोपाल गैसावत, विनय प्रताप भोपर, महिला नेता आशा राठौड़, सिकन्दर जाटू, अब्दुल रहमान, मुकेश प्रजापत, पुखराज प्रजापत, गंगाराम, विक्रम स्वामी, विमल भाटी आदि ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। चौहान ने बताया कि पैदल यात्रा सुबह चवली से सोमवार प्रात: 6 बजे रवाना होने पर जगह.जगह स्वागत व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। यात्रा को लेकर आमजन में भी भारी जोश दिखाई दिया। राजस्थान सरकार के मंत्रिमंडल सदस्य, निगम बोर्डों के अध्यक्ष और प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों ने यात्रा को सफल बनाने में अपना पूरा सहयोग दिया। चौहान ने बताया कि पूरे देश में यात्रा का स्वागत हुआ है और यात्रा से कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा मिली है।

खासौली का 19 वां वार्षिक उत्सव 8 को

चूरू, (कासं)। जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव खासोली में संकट मोचन बालाजी का 19 वां वार्षिक उत्सव 8 दिसंबर गुरुवार को संपन्न होगा। संकटमोचक बालाजी धाम के नवरत्न गिरी महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को 8 दिसंबर को शोभायात्रा प्रात: आठ बजे से बगीची से प्रारंभ होकर बालाजी धाम पहुंचेगी प्रात: नौ बजे आचार्य अश्वनी मिश्रा द्वारा हवन किया जाएगा। दोपहर सवा बारह बजे से महाआरती होगी। एक बजे सुंदरकांड का सामूहिक पाठ होगा सायं चार बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। तत्पश्चात सोहन लाल एंड पार्टी द्वारा संस्कृत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। अशोक धाम के समस्त कार्यकर्ताओं महाप्रसाद भंडारे की व्यवस्था में जोरों से जुड़े हुए मंदिर परिसर में 8 तारीख से महाराज भंडारे में अधिक से अधिक भक्तजनों के पहुंचने का आयोजन नवरत्न गिरी महाराज ने किया है।

राजस्थान साहित्य अकादमी अध्यक्ष का स्वागत किया

सुजानगढ राजस्थान साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ.दुलाराम सहारण का स्वागत करते हुए डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा व अन्य।

सुजानगढ़, (निसं)। राजस्थान साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ.दुलाराम सहारण का अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार सुजानगढ आगमन पर मरूदेश संस्थान ने उनका स्वागत किया।

ज्योतिर्मय में मरुदेश संस्थान के अध्यक्ष डॉ घनश्याम नाथ कच्छावा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में संस्थान के किशोर सैन ने शॉल ओढा कर व रतन लाल सैन ने पुष्पाहार से अध्यक्ष डॉ.सहारण का अभिनंदन कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ दुलाराम सहारण ने राजस्थान साहित्य अकादमी के क्रियाकलापों की जानकारी दी। डॉ.सहारण ने कहा कि उनका प्रयास बिना किसी भेदभाव से राज्य में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मंशानुरूप साहित्यिक गतिविधियों के माध्यम से वातावरण निर्माण करना हैं। जिससे युवा और नवोदित लेखकों को मंच मिलने के साथ ही नये लोग भी प्रेरित होकर लेखन की ओर प्रवृत्त होंगे। इस अवसर पर लेखिका डॉ कृष्णा जाखड, ज्योति कच्छावा, कृतिका, कर्तव्य नाथ आदि उपस्थित थे।

■ **अकादमी के क्रियाकलापों की जानकारी दी**

चूरू में सर्दी का असर तेज

चूरू, (कासं)। चूरू में अब दिन पर दिन सर्दी अपना जोर दिखाने लगी है। जिसके कारण दिन के अंदर भी सर्दी का अहसास हो रहा है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को यहां का अधिकतम 25.4 व न्यूनतम 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यहां पर सुबह दिन निकलने के बाद करीब दस बजे तक सर्दी का असर बना रहता है। जिसके चलते लोग देरी से घरों से बाहर निकलते हैं। हालांकि यहां पर अभी शाम को अलाव जलाने का सिलसिला शुरु नहीं हो पाया है। इसी के साथ मौसमी बीमारियों का प्रकोप भी बना हुआ है। जिसकी वजह से चिकित्सालय में रोगियों की संख्या में इजाफा हो रहा है। आम आदमी के खांसी, जुकाम व बुखार की शिकायत देखने को मिल रही है। चिकित्सकों के अनुसार सर्दी के मौसम में खासकर छोटे बच्चों व बुर्जुगों का विशेष ख्याल रखा जाना चाहिए।

परीक्षा नियंत्रक के नाम प्राचार्य को ज्ञापन दिया

चूरू में विधि महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा।

चूरू, (कासं)। राजकीय विधि महाविद्यालय, चूरू में प्राचार्य डॉ.एस.के. सैनी को विधि विधार्थियों ने छात्र प्रतिनिधि जयदीप सिंह राठौड़ के नेतृत्व में डॉ.भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय,जयपुर के परीक्षा नियंत्रक के नाम ज्ञापन दिया।

विधि विधार्थियों ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा लगभग तीन माह पहले प्रदेश के समस्त विधि महाविद्यालयों के लिए एल एलबीएल, एलएम की परीक्षा आयोजित करवाई गई थी और दावा किया गया था कि ऑनलाइन मूल्यांकन के माध्यम से बेहद जल्द परीक्षा परिणाम जारी कर दिया जायेगा लेकिन लगभग तीन माह बीत जाने के बाद भी विश्वविद्यालय द्वारा परिणाम जारी नहीं किया गया है।

ज्ञापन में विधि विधार्थियों की मुख्य मांग है कि विश्वविद्यालय एक सप्ताह के भीतर परीक्षा परिणाम जारी करें अन्यथा विश्वविद्यालय के अस्थायी कार्यालय भवन के समक्ष प्रदर्शन करने के लिए प्रदेश के समस्त विधि विधार्थियों को बाध्य होना पडेगा। इस दौरान पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष एडवोकेट विशेष बजाड़, कमल पंवार, हेमलता शर्मा, मोनिका सैनी, गरिमा स्वामी, वर्षा मीणा सहित अनेक छात्र.छात्राएं उपस्थित रहे।

टोंक छिलरी की छात्राओं ने मारी खेलों में बाजी, स्कूल में हुआ सम्मान

सभी विजेता खिलाड़ियों का स्कूल में स्वागत व सम्मान किया गया।

नवलगढ़, (निसं)। उच्च माध्यमिक विद्यालय टोंक छिलरी की छात्राओं ने खेलों में भी अपना दमखम दिखाया है। विद्यालय की छात्रा पूजा खीचड़ ने 66वीं वेट लिफ्टिंग राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

संस्था प्रधान संजू नेहरा ने बताया कि इसके अलावा बिनोद सैनी ने 66वीं जिला स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता के 3000 मीटर दौड़ में प्रथम व गोला फेंक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसी क्रम में कविता सैनी पुत्री नत्थुराम सैनी ने 400 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि सभी विजेता खिलाड़ियों का स्कूल में स्वागत व सम्मान किया गया। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि समाजसेवी पूर्णसिंह शेखावत ने सभी छात्राओं को बधाई दी और कहा कि आने वाले समय में अन्य प्रतियोगिताओं में भी छात्र-छात्राएं अपना पूरा खेल कौशल का प्रदर्शन कर गांव का नाम रोशन करें। इस मौके पर व्याख्याता संदीप कुमार, मोनिका, अर्पणा, ताराचंद , महावीरप्रसाद, अंजू, रामलखन सैनी, सतीश, जीवनराम, कनिष्ठ सहायक संदीप कुमार व शर्मिला आदि मौजूद थे। नेहरा ने बताया कि छात्रा बिनोद सैनी ने इससे पहले सीकर जिले में आयोजित क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप 4000 मीटर दौड़ में भी पहला स्थान प्राप्त किया था। वहीं अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई है।

कोलसिया में शहीद नत्थू सिंह की 51वीं पुण्यतिथि मनाई

कोलसिया, (निसं)। कोलसिया में शहीद नत्थू सिंह की मंगलवार को 51वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर उन्हें याद किया गया।

पुण्यतिथि के मौके पर हुई युवाओं व पुरुषों की 16 सौ मीटर दौड़ में बबलू काजला, श्री सीताराम शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोलसिया प्रथम, राहुल कोलसिया द्वितीय, प्रदीप कुमावत कोलसिया तृतीय स्थान पर रहे। छात्राओं व महिलाओं की आठ सौ मीटर दौड़ में सानिया श्री शिवनारायण खेदड़ राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रथम, ज्योति श्री शिवनारायण खेदड़ राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय द्वितीय, कोमल कोलसिया तृतीय स्थान पर रही। कक्षा एक से आठ तक की लड़कियों की 2 सौ मीटर दौड़ में आशा श्री शिवनारायण खेदड़ राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रथम, मोनिका श्री शिवनारायण खेदड़ राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय द्वितीय व ऋतिका श्री शिवनारायण खेदड़ राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय तृतीय तथा लड़कों में मोहित श्री सीताराम शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रथम, रौनक शर्मा श्री सीताराम शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय द्वितीय व नितेश श्री सीताराम शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तीसरे स्थान पर रहा। वहीं निबंध प्रतियोगिता में अन्नपूर्णा श्री शिवनारायण खेदड़ राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रथम, विजय लक्ष्मी श्री शिवनारायण खेदड़ राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय द्वितीय व नेहा गोस्वामी श्री सीताराम शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तृतीय रही। विजेताओं को नगद पुरस्कार प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इससे पूर्व शहीद वीरांगना सुंदरीदेवी, शहीद पुत्र शीशपाल दूत, कैप्टन रामलाल साखणिया, सरपंच पति महेश पारीक, सूबेदार मामचंद दूत, सूबेदार महावीर दूत, कुरड़ाराम दूत, प्रविंद्र दूत, बीरबल सिंह, शिंभुदयाल दूत, श्री सीताराम शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह, प्यारेलाल दूत, जगदीश भारतीय, सुमेरसिंह, बनारसीलाल, सुनिल दूत, नरेश दूत, भूपेंद्र कुमावत, सतीश सोनी, बबिता कुमारी, अनिता कुमारी, संजू कुमारी, विनोद, सुरेशचंद्र, शर्मिला कुमारी, नेमीचंद्र, कुमावत, राजेंद्रप्रसाद, महावीरप्रसाद, प्रियंका कुमारी आदि ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

कोलसिया में शहीद नत्थू सिंह की मंगलवार को 51वीं पुण्यतिथि मनाई गई।

■ **प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर उन्हें याद किया गया**